PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Wednesday 28th January 2015, Page: 1
Width: 12.62 cms, Height: 7.14 cms, a4, Ref: pmin.2015-01-28.39.12

दवा क्षेत्र में तीन करोड़ नई नौकरियां

हिन्दुस्तान जॉब्स

नई दिल्ली | मदन जैड़ा

दवा क्षेत्र दस सालों में तीन करोड़ नई नौकरियां देगा। केंद्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने इस अवधि के लिए दवा क्षेत्र के विस्तार का विजन तैयार किया है। इसमें 2025 तक 1.11 करोड़ से बढ़कर चार करोड़ तक रोजगार पहुंचने की संभावना जताई गई है।

सीडीएससीओ के आकलन के अनुसार, अगले दस साल में दवा कारोबार 1500 अरब से बढ़कर छह हजार अरब रुपये के पार जाने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अभी 208 देशों को दवाओं की आपूर्ति कर रहा है। इसके बावजूद आपूर्ति की जा रही दवा की हिस्सेदारी अब भी कम है जो धीरे-धीरे बढ़ रही है तथा आने वाले समय में इसमें और संभावनाएं हैं। कम लागत की वजह से भारतीय दवाओं व चिकित्सकीय उपकरणों की देश-विदेश में तेजी से मांग बढ़ने के आसार हैं।

> ‘हम 200 से ज्यादा देशों को दवाएं, टीके व चिकित्सकीय उपकरण बेच रहे हैं लेकिन यह आपूर्ति अब भी आंशिक है। इसे बढ़ाने की संभावना है। हम वैश्विक बाजार पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।’ -डॉ. जीएन सिंह, दवा नियंत्रण विभाग प्रमुख

रिपोर्ट के अनुसार, दवा से जुड़े जिन अन्य क्षेत्रों में रोजगार बढ़ने की संभावना है उनमें पैकेजिंग, वितरण, उपकरणों का निर्माण एवं वितरण, कॉस्मेटिक्स का निर्माण एवं वितरण, होलसेल एवं रिटेल कारोबार शामिल हैं। रिपोर्ट कहती है, जिस तेजी से दवा क्षेत्र प्रगति कर रहा है, उसके मद्देनजर रेगुलेटरी सिस्टम से जुड़ी चुनौतियां भी बढेंगी। इसलिए इस तंत्र को मजबूत किए जाने की जरूरत है।

Industry